प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

04.01.2026/प्रादेशिक समाचार/9:20बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- हिमाचल की हस्तनिर्मित शॉल गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल। मुख्यमंत्री ने जताई प्रसन्नता।
- विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन से गांवों में सुनिश्चित हो रही रोजगार की राह।
- धर्मशाला में छात्रा की मौत के मामले में आरोपी प्रोफेसर निलंबित–सरकार ने मामले की निष्पक्ष जांच का दिया आश्वासन।
- किन्नौर जिला में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना किसानों–बागवानों के लिए बनी वरदान।

गिनीज बुक रिकॉर्ड

राजधानी शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर एम.एस.एम.ई. फेस्ट–2026 में प्रदर्शित हिमाचल के कारीगरों द्वारा हस्तनिर्मित शॉल को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया गया है। फेस्ट में चार हजार 23 शॉलों को प्रदर्शित किया गया जिसे प्रदेश के हस्तशिल्प को वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिली है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कल इस फेस्ट का शुभारंभ किया। इस फेस्ट के माध्यम से स्थानीय उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों और कारिगरों को अपने उत्पाद प्रदर्शित करने का अवसर मिल रहा है। यह फेस्ट ग्रामीण, पारंपरिक और स्थानीय एमएसएमई उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने में सहायक सिद्ध होगा। विशेषकर महिला उद्यमियों कारिगरों और नवोदित स्टार्टअप के सपनों को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

वीबी–जी राम जी

विकसित भारत–गारंटी फॉर रोज़गार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) वीबी–जी राम जी का उद्देश्य ग्रामीण रोजगार को विकसित भारत 2047 के दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ जोड़ना, जवाबदेही को सुदृढ़ करना और आय सुरक्षा सुनिश्चित करना है। जनजातीय जिला किन्नौर की योजना की लाभार्थी प्रोमिला ने केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा को वीबी–जी राम जी में परिवर्तिति करने के निर्णय को स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि मनरेगा ग्रामीण लोगों के लिए अच्छी योजना है, जिससे गरीब और जरूरतमंद परिवारों को रोजगार मिल रहा है। योजना के तहत 125 दिन तक कार्यदिवस तय किए गए हैं इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और लोगों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

चुनाव आयोग– ऐप

चुनाव आयोग ने ई.सी.आई–नेट ऐप में सुधार के लिए लोगों से सुझाव मांगे हैं। इस ऐप पर लोग अपने जवाब 10 जनवरी तक दे सकते हैं। आयोग ने मतदाताओं को बेहतर सेवाएं और चुनाव संबंधी जानकारी देने के लिए ये डिजिटल मंच बनाया है। चुनाव आयोग के अनुसार ऐप का परीक्षण संस्करण बेहतर मतदाता सेवाएं, मतदान प्रतिशत रुझानों की त्वरित उपलब्धता और मतदान समाप्त होने के 72 घंटों के भीतर सूचकांक कार्डों का प्रकाशन करता है। इस ऐप का हाल ही में हुए बिहार विधानसभा चुनाव और उसके बाद हुए उपचुनावों के दौरान सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया था। आयोग ने कहा कि लोगों से प्राप्त सुझावों की जांच की जाएगी और उपयोगकर्ताओं के अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए उन्हें इसमें शामिल किया जाएगा।

धर्मशाला मामला

धर्मशाला स्थित राजकीय महाविद्यालय की पूर्व छात्रा की मौत के मामले में आरोपी प्रोफेसर को निलंबित कर दिया गया है। शिक्षा विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि घटना की आगामी जांच की जाएगी और संलिप्त पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस बीच विश्वविद्यालय अनुदान आयोग–यू.जी.सी. ने धर्मशाला में हुई घटना का कड़ा संज्ञान लिया है। यू.जी.सी. ने इसके लिए एक तथ्य–जांच समिति गठित करने का निर्णय लिया गया है। सोशल मीडिया पोस्ट में यू.जी.सी. ने आश्वासन दिया है कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यू.जी.सी. ने कहा कि छात्रों की सुरक्षा सर्वोपरि है।

प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना

जनजातीय जिला किन्नौर में प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना किसानों और बागवानों के लिए वरदान सिद्ध हो रही है। योजना के अंतर्गत किन्नौर जिले के 55 किसानों और बागवानों को सिंचाई सुविधाओं के लिए 80 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया गया है। योजना के तहत किसानों को आधुनिक सिंचाई उपकरण उपलब्ध हुए हैं, जिससे पानी की बचत के साथ–साथ फसलों की गुणवत्ता और पैदावार में भी सुधार होगा।

जनगणना

मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने कल शिमला में वर्चुअल माध्यम से जिला अधिकारियों के साथ बैठक कर आगामी जनगणना की तैयारियों की समीक्षा की। जनगणना कार्य निदेशालय की निदेशक दीप शिखा शर्मा ने जनगणना–2027 के लिए डिजिटल रोड़मैप और संचालन ढांचे के संबंध में रूपरेखा पेश की। बैठक के दौरान विभागों ने जनगणना के सुचारू संचालन के लिए पूर्ण समर्थन और सहयोग देने का आश्वासन दिया।

मौसम

प्रदेश की ऊंची चोटियों पर हुए हल्के हिमपात और मैदानी इलाकों में बारिश के कारण राज्य में शीतलहर का प्रकोप जारी है। कल दोपहर बाद कुल्लू, मनाली तथा लाहौल की ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी हुई। रोहतांग दर्रे के साथ बारालाचा, शिंकुला तथा कुंजम दर्रे सहित पीर पंजाल की पहाड़ियों पर भी हल्की बर्फबारी का समाचार है। मौसम विज्ञान केंद्र ने 7 जनवरी तक प्रदेश के ऊना, बिलासपुर हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी, सोलन और सिरमौर जिलों में कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से.........

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग ख़बरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

पंजाब केसरी की सुर्खी है–सी.एम. सुक्खू के आदेश के बाद सहायक प्रोफैसर निलंबित, जांच कमेटी गठित–धर्मशाला कॉलेज रैंगिग व उत्पीड़न से परेशान छात्रा की मौत का मामला।

कंडाघाट में 2 सौ करोड़ का दिव्यांग शिक्षा उत्कृष्टता केंद्र –मुख्यमंत्री ने रखी आधारशिला, 45 बीघा जमीन पर होगा निर्माण दिव्य हिमाचल की एक खबर है।

हिम एम.एस.एम.ई फेस्ट–एक साथ 4 हजार 23 हस्तनिर्मित ऊनी शॉलों के डिस्पले ने बनाया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड, प्रदेश को मिली वैश्विक पहचान शीर्षक से दैनिक भास्कर लिखता हैं–वर्ल्ड रिकार्ड गिनीज बुक की टीम ने की मैनुअली गिनती। अमर उजाला लिखता है–शिमला में प्रदेश के बुनकरों के हाथों से बनीं चार हजार 23 शॉल की एक साथ लगाई प्रदर्शनी, हिमाचल का नाम गिनीज बुक में दर्ज।

'अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर ''

- हिमाचल की हस्तनिर्मित शॉल गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल। मुख्यमंत्री ने जताई प्रसन्नता।
- विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन से गांवों में सुनिश्चित हो रही रोजगार की राह।
- धर्मशाला में छात्रा की मौत के मामले में आरोपी प्रोफेसर निलंबित–सरकार ने मामले की निष्पक्ष जांच का दिया आश्वासन।
- किन्नौर जिला में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना किसानों–बागवानों के लिए बनी वरदान।